केंद्रीय विद्यालय, वाशिम

KENDRIYA VIDYALAYA, WASHIM

हिन्दी पखवाड़ा / हिन्दी दिवस

(01 सितम्बर - 14 सितम्बर, 2024)

हिन्दी पखवाडा कार्य निष्पादन की संकलित रिपोर्ट

केंद्रीय विद्यालय, वाशिम

हिन्दी पखवाडा कार्य निष्पादन की संकलित रिपोर्ट

केंद्रीय विद्यालय संगठन के निर्देशानुसार, केन्द्रीय विद्यालय वाशिम में दिनांक 01/09/2024 से 14/09/2024 तक हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया गया ताकि राजभाषा हिन्दी को समुचित सम्मान मिले तथा वह भारतीय संस्कृति के समस्त तत्वों की अभिव्यक्ति का माध्यम बन सके|

कार्यक्रम	**विस्तृत गतिविधियाँ**	**अध्यापक प्रभारी**
1. स्वागत, प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय वाशिम	• सर्वप्रथम हिन्दी पखवाड़ा का शुभारम्भ केंद्रीय विद्यालय वाशिम के प्राचार्य के कर कमलों के द्वारा माँ सरस्वती के पूजन के साथ किया गया तथा प्राचार्य महोदय श्री अतुल एस. मून ने अपना सन्देश प्रेषित कर हिन्दी पखवाड़े का उद्घाटन किया | उन्होंने विद्यालय परिवार को हिन्दी भाषा के अधिकाधिक प्रयोग एवं प्रचार-प्रसार के लिए उत्साहित किया|	श्री नफ़ीस अहमद श्री शिवदयाल मीना सभी शिक्षक साथी
2. अभिभाषण	• प्राचार्य महोदय के अभिभाषण के उपरान्त श्री शिवदयाल मीना, प्र. स्ना. शि. (संस्कृत) ने हिन्दी भाषा के महत्त्व और इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए हिन्दी भाषा की संवैधानिक स्थिति पर भी चर्चा की एवं बच्चो को अधिक से अधिक हिन्दी भाषा के प्रयोग के लिए प्रेरित किया | उन्होंने पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित होने वाली गतिविधियों का भी संक्षिप्त परिचय दिया तथा बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए उत्साहवर्धन किया |	
3. शपथ ग्रहण	• कार्यक्रम की अगली कड़ी में, श्री नफ़ीस अहमद, प्र. स्ना. शि. (हिन्दी) ने हिन्दी भाषा के प्रयोग व प्रचार-प्रसार हेतु छात्र/छात्राओं के साथ-साथ विद्यालय के सभी सदस्यों को हिन्दी राजभाषा के प्रेम की ज्योति जलाए रखने, भाषा संवर्धन हेतु प्रयासरत रहने की शपथ दिलायी|	

कार्यक्रम गतिविधियाँ	• हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत, 03/09/2024 को कक्षावार हिन्दी सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया| • कार्यक्रम के रूपरेखा के अनुसार, दिनांक 04/09/2024 को 'हिन्दी भाषा- हमारा गर्व व हमारी पहचान' विषय पर 'चित्र व पोस्टर बनाओ' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों की भागीदारी सराहनीय रही| • कार्यक्रम की इस रूपरेखा के अनुसार, दिनांक 05/09/2024 को 'हिन्दी राजभाषा' विषय पर 'निबंध लेखन' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों की भागीदारी प्रशंसनीय रही| • 06/09/2024 को विद्यालय में 'कहानी वाचन' प्रतियोगिता का आयोजन सदनानुसार कराया गया जिसमें प्रत्येक सदन से चार-चार (दो प्रतिभागी प्राथमिक विभाग से एवं दो प्रतिभागी माध्यमिक विभाग से) प्रतिभागियों की भागीदारी सुनिश्चित की गई| • विद्यालय प्रांगण में 09/09/2024 को विद्यालय में 'कविता गायन' प्रतियोगिता का आयोजन सदनानुसार कराया गया जिसमें प्रत्येक सदन से प्रतिभागियों ने भाग लिया| • कार्यक्रम के अगले चरण में, 10/09/2024 को विद्यालय के संसाधन कक्ष में 'हिन्दी भाषा संबंधित प्रश्नोत्तरी' का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को हिन्दी भाषा की बारीकियों के बारे में जानकारी दी गई| • 12/09/2024 को प्राथमिक विभाग में 'नारा लेखन प्रतियोगिता' तथा माध्यमिक कक्षाओं में 'हिन्दी समाचार वाचन' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | • पखवाड़े के अंतिम दिन 13/09/2024 को प्रतियोगिताओं के परिणामों की घोषणा की गई तथा स्टाफ़ सदस्यों को राजभाषा अधिनियम 1963, राजभाषा नियम 1976 व अन्य राजभाषा नियमों से परिचित कराया गया | यह सुनिश्चित किया गया कि विद्यालय के सभी उपकरण द्विभाषी हैं | विद्यालय के सभी कर्मचारी हिंदी का कार्यसाधक/प्रवीण ज्ञान रखते हैं |	श्री नफ़ीस अहमद श्री शिवदयाल मीना श्री वैभव रमेश जायभाय सभी शिक्षक साथी